

मुझे हमेशा से पैट कमिंस एक इंसान और एक लीडर के तौर पर बहुत पसंद रहे हैं, वे शानदार हैं। मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि वे इस तरह सामने आकर मुझ पर व्यक्तिगत हमला करेंगे।

- उस्मान ख्वाजा

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, पैट कमिंस के व्यक्तिगत हमले को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



वैभव सूर्यवंशी

भारतीय क्रिकेट की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने खुलासा किया है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की बल्लेबाजी संबंधी सलाह ने उनकी ऐतिहासिक पारी में अहम भूमिका निभाई। वैभव ने बताया कि पिछले कुछ मैचों में रन नहीं बनने के कारण वह काफी परेशान थे और बल्लेबाजी के दौरान उनका ध्यान बार-बार भटक रहा था। ऐसे में युवराज सिंह से हुई बातचीत ने उन्हें अपनी गलतियां समझने और खेल में सुधार करने में मदद की। युवराज ने उनकी तकनीकी खामियां बताईं और सुधार के सुझाव दिए।

क्या आप जानते हैं ?... कपिल देव ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट (434 विकेट) लेने का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था, जिससे उन्होंने रिचर्ड हैडली का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा था।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों का जलवा

गेंदबाजी में बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंचे

दुबई, 25 नवंबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन का असर आईसीसी की ताजा टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में देखने को मिला है। वेलिंगटन में खेला गया यह मुकाबला ड्रॉ रहा था, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने अपनी बेहतरीन पारियों के दम पर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल अब शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में ऋषभ पंत सबसे आगे बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 128 रन की आकर्षक पारी खेलने वाले पंत एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने 98 रन की पारी के दम पर तीन स्थान की छलांग लगाई और सातवें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 85 रन बनाने के बाद पांच स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर आ गए हैं। इस तरह अब तीन भारतीय बल्लेबाज टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। वेलिंगटन में भारत की पहली पारी में नौ विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित किए गए स्कोर में सर्वाधिक 136 रन बनाने वाले केएल राहुल को भी फायदा हुआ है। वह चार स्थान ऊपर चढ़कर 25वें नंबर पर पहुंच गए हैं। देवदत्त पडिक्कल ने 80 रन बनाए थे, जिसके बाद उन्हें 15 स्थान का फायदा हुआ और वह 39वें नंबर पर आ गए हैं।

आईपीएल 2027 की नीलामी के लिये 1220 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण, 66 स्थानों के लिये लगेगी बोली

सूची में 939 भारतीय और 281 विदेशी खिलाड़ी शामिल, 25 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 66 स्थान खाली

नई दिल्ली, 25 नवंबर। टाटा आईपीएल-2027 की खिलाड़ी नीलामी के लिए कुल 1220 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इनमें 939 भारतीय और 17 देशों के 281 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी ने 184 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है या चुना है। ऐसे में नीलामी के दौरान अधिकतम 66 स्थान भरे जाने हैं, जिनमें 25 विदेशी खिलाड़ियों के स्थान शामिल हैं। पंजीकृत खिलाड़ियों में 184 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाड़ी,



994 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है और 42 खिलाड़ी एसोसिएट देशों से हैं। बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले खिलाड़ियों में 925 भारतीय हैं। इनमें से 127 खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के किसी सत्र में खेल चुके हैं। विदेशी खिलाड़ियों के पंजीकरण में ऑस्ट्रेलिया सबसे आगे है। वहां के 53 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए नाम दिया है। द. अफ्रीका के 40, वेस्टइंडीज के 36, न्यूजीलैंड के 25 और अफगानिस्तान के 23 खिलाड़ी सूची में शामिल हैं। एसोसिएट देशों में अमेरिका के 13 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के 10-10 खिलाड़ी नीलामी की दौड़ में हैं।

छह श्रेणियों में बांटे गए खिलाड़ी

नीलामी के लिए पंजीकृत 1220 खिलाड़ियों को छह श्रेणियों में रखा गया है। इनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके 14 भारतीय और 170 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। एसोसिएट देशों के 42 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा, पहले आईपीएल खेल चुके 127 गैर-अंतरराष्ट्रीय भारतीय, 798 अन्य गैर-अंतरराष्ट्रीय भारतीय और 69 गैर-अंतरराष्ट्रीय विदेशी खिलाड़ी सूची में शामिल हैं।

ग्वालियर कप पोलो : विमल एरियन अचीवर्स और रामबाग/स्वराज की जीत से शुरुआत



जयपुर, 25 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन-2026 के तहत छह गोल के 'द ग्वालियर कप' टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को हुई। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में विमल एरियन अचीवर्स और रामबाग/स्वराज ने जीत दर्ज की। पीपीसी ग्राउंड पर पहले मुकाबले में विमल एरियन अचीवर्स ने जयपुर टीम को 8-7.5 गोल से हराया। विजेता टीम के लिए ध्रुवपाल गोदारा ने 3, क्रिस ल्यूक और रणवीर सहारण ने 2-2 तथा साविर मेहराज गोदारा ने एक गोल किया। जयपुर की ओर से महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने सर्वाधिक 5 गोल दागे। दूसरे मुकाबले में रामबाग/स्वराज ने जगत पोलो को 8-4.5 गोल से शिकस्त दी। जुआन जोस डियाज अल्बर्डी ने 4 गोल किए। हुर्र अली ने 2 तथा सिद्धांत सिंह और प्रताप सिंह कानोता ने एक-एक गोल किया। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल 26 नवंबर को शाम 4 बजे पीपीसी ग्राउंड पर जगत पोलो और विमल एरियन अचीवर्स के बीच खेला जाएगा।

ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत आईओसी के समक्ष पेश करेगा अपना दावा

नई दिल्ली, 25 नवंबर। ओलंपिक खेलों 2036 की मेजबानी के लिये भारत बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के फ्यूचर होस्ट कमीशन के समक्ष ऑनलाइन अपना दावा पेश करेगा जहां उसे छह अन्य देशों से टक्कर मिलेगी। भारत इस दौरान वैश्विक खेल आयोजनों के सफल संचालन के अपने समृद्ध अनुभव और हाल के वर्षों में विकसित आधुनिक खेल बुनियादी ढांचे के दम पर अंतरराष्ट्रीय संस्था को प्रभावित करने का प्रयास करेगा।

भारत को ओलंपिक की मेजबानी के लिए जर्मनी, हंगरी, कतर, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किये से चुनौती मिल रही है। इस तरह कुल सात देश 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी पेश कर रहे हैं। भारतीय दल का प्रतिनिधित्व केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल सचिव हरि रंजन राव, भारतीय ओलंपिक संघ की निवर्तमान अध्यक्ष पीटी उषा, आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख एवं दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, गुजरात के खेल मंत्री हर्ष सांघवी और आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर सहित अन्य अधिकारी करेंगे। इस प्रस्तुति में भारत के पूर्व रिकॉर्ड के साथ-साथ अहमदाबाद की तैयारियों को भी प्रमुखता दी जाएगी।

संभावित मेजबान शहर अहमदाबाद को वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पहले ही मिल चुकी है। ऐसे में 2036 ओलंपिक के आयोजन तक यहां बड़े पैमाने पर आधुनिक खेल सुविधाएं और बुनियादी ढांचा पूरी तरह विकसित हो जाने की उम्मीद है। इसके अलावा गुजरात का यह शहर वर्ष 2029 में द्विवार्षिक विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों की भी मेजबानी करेगा।

भारत ने जनवरी 2025 से जून 2026 के बीच 15 से अधिक शहरों में 36 अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है। इसके अलावा वर्ष 2027 और 2028 में होने वाली 19 अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी के अधिकार भी भारत हासिल कर चुका है। मामले से जुड़े एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''हमारी जानकारी के मुताबिक, अब तक केवल तुर्किये ने आईओसी के समक्ष अपनी प्रस्तुति दी है।

घुटने की सर्जरी के बाद छह सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे जेवियर बार्टलेट

नई दिल्ली, 25 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट के टेस्ट टीम में जगह बनाने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद वह करीब छह सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस चोट के कारण वह आगामी बिग बैश लीग के शुरुआती मुकाबलों में भी नहीं खेल पाएंगे। बार्टलेट को इस टूर्नामेंट में ब्रिस्बेन हीट की ओर से खेलना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। बार्टलेट को पिछले सप्ताह होबार्ट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए बाएं घुटने में चोट लगी थी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा था और टीम ने श्रृंखला भी गंवा दी थी। चोट के कारण मैदान छोड़ने के बावजूद बार्टलेट दोबारा गेंदबाजी करने लौटे और तीन ओवर किए।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी : राजस्थान ने पहले दिन बनाए 135/2, वशिष्ठ का अर्धशतक



जयपुर, 25 नवंबर। बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान और उत्तराखंड के बीच लखनऊ में शुरू हुए मुकाबले के पहले दिन राजस्थान ने मजबूत शुरुआत की। राजस्थान ने टॉस जीतकर उत्तराखंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। उत्तराखंड की टीम पहली पारी में 215 रन पर आउट हो गई। साकेत चौहान ने 111 रन बनाए। राजस्थान की ओर से लवमीत गुर्जर और हर्षित यादव ने 4-4 तथा आंजनेय शर्मा ने 2 विकेट लिए। जवाब में राजस्थान ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 135 रन बना लिए। वशिष्ट शर्मा ने 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि निश्छल शर्मा 39 और तविष शर्मा 34 रन बनाकर क्रीज पर डटे रहे।

टेबल टेनिस में जयपुर का दोहरा खिताब, महिला और पुरुष दोनों वर्गों में बना चैम्पियन



जयपुर, 25 नवंबर। भरतपुर में आयोजित राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीम चैंपियनशिप जीत ली। महिला वर्ग के फाइनल में जयपुर ने कोटा और पुरुष वर्ग में बीकानेर को हराकर खिताब अपने नाम किया। डबल्स मुकाबलों में महिला वर्ग में समृद्धि और डिम्पी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। राधिका-अनुष्का की जोड़ी दूसरे और आरना-प्रत्युषा की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। पुरुष डबल्स में विवेक-गुरप्रीत की जोड़ी दूसरे तथा राहुल-तुषार की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। मिक्स्ड डबल्स में सौरभ-राधिका ने दूसरा और अक्षत-समृद्धि ने तीसरा स्थान हासिल किया। टीम ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी एवं कोच विवेक भार्गव के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह 27 नवंबर को होगा।

सिंधु पिंक सिटी हॉफ मैराथन की इंटरनेशनल एंबेसडर होंगी

जयपुर, 25 नवंबर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु 29 नवंबर को आयोजित होने वाली 11वीं वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन की इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर होंगी। वह अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के रन फॉर जीरो हंगर अभियान का समर्थन करेंगी। इस पहल के तहत वेदांता प्रत्येक किलोमीटर की दौड़ पर एक जरूरतमंद बच्चे या पशु के लिए एक भोजन उपलब्ध कराएगा। मैराथन में 21.1 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी कूल रन और 5 किमी ड्रीम रन श्रेणियों में हजारों धावक हिस्सा लेंगे।

अंडर-14 मानसून कप : क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की जीत



जयपुर, 25 नवंबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में क्रिकेट अकादमी ने देवेंद्र शेखावत क्रिकेट क्लब को 17 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट अकादमी ने गौरव प्रजापत के शानदार 94 रनों की बदौलत 34.1 ओवर में 157 रन बनाए। देवेंद्र शेखावत क्रिकेट क्लब की ओर से पीयूष सैनी और कल्पित ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में देवेंद्र शेखावत क्रिकेट क्लब की टीम 40 ओवर में 7 विकेट पर 140 रन ही बना सकी। कल्पित कुमार ने 30 और लोकेश ने 29 रन बनाए। की ओर से वैभव सैनी और जयेश सिंह ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच गौरव प्रजापत रहे।

अंडर-15 गर्ल्स चैलेंजर प्रतियोगिता के लिए ट्रायल कल

दौसा, 25 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से 30 नवंबर से जयपुर में आयोजित होने वाली अंडर-15 गर्ल्स चैलेंजर प्रतियोगिता के लिए महिला खिलाड़ियों के ट्रायल 27 और 28 नवंबर को आरसीए एकेडमी में होंगे। दौसा जिले की खिलाड़ियों के ट्रायल 27 नवंबर को सुबह 9 बजे होंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच जन्मी खिलाड़ी ट्रायल में भाग ले सकती हैं। खिलाड़ियों को कंप्यूटराइज्ड जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों की मार्कशीट तथा स्वयं और माता-पिता के आधार कार्ड साथ लाने होंगे। ट्रायल के बाद खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट कर लगभग 15-16 टीमें बनाई जाएंगी। इनके बीच 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक चैलेंजर मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की अंडर-15 टीम का चयन किया जाएगा।

जहीर खान की नई पहल 'इक्वल' से क्रिकेट में आएगा बड़ा बदलाव, एक ही टीम में खेलेंगे महिला और पुरुष खिलाड़ी

मुंबई, 25 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और 2011 विश्व कप विजेता जहीर खान को नई मिश्रित टी20 क्रिकेट लीग 'इक्वल' की अपार संभावनाओं पर पूरा भरोसा है। यह महत्वाकांक्षी पहल क्रिकेट के पारंपरिक प्रारूप को चुनौती देते हुए महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक ही एकादश में खेलने का अवसर देगी। इस पहल की परिकल्पना एंकर स्पोर्ट्स ने की है, जिसके सह-मालिक जहीर खान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्यमी नागेंद्र सिद्धौताम हैं। इसे जर्मन क्रिकेट महासंघ के साथ साझेदारी में विकसित किया जा रहा है। पहली बार इस तरह की मिश्रित महिला-पुरुष क्रिकेट लीग शुरू करने की तैयारी है। 'इक्वल' में पेशेवर महिला और पुरुष क्रिकेटर एक साथ मैदान पर उतरेंगे। इससे टी20 प्रारूप को एक नया और समावेशी स्वरूप मिलेगा। पुरुष और महिला क्रिकेट के अलग-अलग टूर्नामेंटों की परंपरा से हटकर इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी एक ही लीग में हिस्सा लेंगे। इसमें एक ही अंकतालिका होगी और एक ही टीम चैंपियन बनेगी। प्रस्तावित प्रारूप के अनुसार, पहले संस्करण में पांच टीमें कुल 12 टी20 मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी



होंगे। हर मैच की एकादश में छह महिला और पांच पुरुष खिलाड़ी शामिल होंगे। टी20 क्रिकेट के मौजूदा नियमों को बरकरार रखते हुए इस प्रारूप में खेलने के स्पष्ट नियम, खिलाड़ियों की सुरक्षा के उपाय और स्थानापन्न खिलाड़ियों से जुड़े प्रावधान भी शामिल किए जाएंगे, ताकि प्रतियोगिता को व्यवस्थित और प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। एंकर स्पोर्ट्स के सह-मालिक जहीर खान ने कहा, क्रिकेट में लोगों को एकजुट करने की ताकत है। खासकर यूरोप जैसे उभरते बाजारों में इस खेल का विकास इस बात पर निर्भर करेगा कि हम इसे कितने व्यापक दर्शक वर्ग के लिए सुलभ बना पाते हैं। 'इक्वल' जैसी पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। यह सभी लिंगों के लोगों को खेल में हिस्सा लेने, योगदान देने और क्रिकेट के विकास का हिस्सा बनने का अवसर देती है।" उन्होंने कहा, 2028 में क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में वापसी के साथ इस खेल को नए समुदायों तक पहुंचाने और इसकी वैश्विक पहुंच बढ़ाने का अवसर है। 'इक्वल' को खास बनाने वाली बात यह है कि इसमें एक महिला और एक पुरुष क्रिकेटर एक साथ मैदान पर उतरेंगे और एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

// बिम्सटेक अंडर-23 एथलेटिक्स //

100 मीटर दौड़ में भारत और श्रीलंका ने जीते स्वर्ण पदक

भुवनेश्वर, 25 नवंबर। बिम्सटेक अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन भारत और श्रीलंका के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। कलिंगा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में भारत की मृत्तिका टी. और पुरुष वर्ग में श्रीलंका के दिनिथ इंदुवारा वीरारत्न ने स्वर्ण पदक जीते। पहले दिन कुल छह स्वर्ण पदकों का फैसला हुआ, जिनमें से चार भारत और दो श्रीलंका के खिलाड़ियों के खाते में गए। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में मृत्तिका ने 12.02 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। श्रीलंका की के. रिसांसा हिरुपमा 12.07 सेकंड के साथ दूसरे और बांग्लादेश की देवान सुमाया 12.24 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में श्रीलंका के वीरारत्न ने 10.35 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत के ऋषिप्रसाद देसाई ने 10.46 सेकंड में दौड़ पूरी कर रजत पदक जीता, जबकि श्रीलंका के साद जमालदीन 10.57 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के नील समराज 10.67 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। भारत के अन्य स्वर्ण पदक पुरुष शॉटपुट, ट्रिपल जंप और 1500 मीटर दौड़ में आए। अनुराग सिंह कलेर ने 18.34 मीटर गोला फेंककर शॉटपुट का स्वर्ण जीता। दक्ष बिश्नोई ने 15.58 मीटर की छलांग के साथ ट्रिपल जंप में पहला स्थान हासिल किया, जबकि हितेश ने 3 मिनट 56.72 सेकंड में 1500 मीटर दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। महिला डिस्कस थ्रो में भारत ने दोहरा प्रदर्शन किया। प्रिया ने 52.03 मीटर के साथ स्वर्ण और निकिता कुमारी ने 50.02 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया।

भारत करेगा 2028 में थॉमस एवं उबेर कप फाइनल्स की मेजबानी, बीडब्ल्यूएफ ने बदला प्रारूप

नई दिल्ली, 25 नवंबर। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत 2028 में थॉमस एवं उबेर कप फाइनल्स की मेजबानी करेगा। यह पुरुष और महिला टीम की विश्व चैंपियनशिप का पहला सत्र होगा जिसमें संशोधित 24 टीम का प्रारूप लागू होगा और मुकाबले तीन मैच के आधार पर खेले जाएंगे। वर्ष 2028 में होने वाला यह टूर्नामेंट भारत में दूसरी बार आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2014 में नयी दिल्ली के सिरी फोर्ट खेल परिसर में थॉमस एवं उबेर कप फाइनल्स का आयोजन हुआ था। उस समय भारतीय महिला टीम ने पहली बार उबेर कप में कांस्य पदक जीता था। भारत की महिला टीम ने 2016 में भी कांस्य पदक हासिल किया था। वहीं पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा था। भारतीय पुरुष टीम ने 2026 में डेनमार्क के हॉर्सन्स में आयोजित प्रतियोगिता में फ्रांस से सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक जीता था। नयी दिल्ली ने इस साल की शुरुआत में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप की भी मेजबानी की थी। बीडब्ल्यूएफ ने 2027 से अपनी प्रमुख चैंपियनशिप के प्रारूप में व्यापक बदलावों को भी मंजूरी दी है। इसके साथ ही महासंघ ने 2030 तक की कई प्रमुख प्रतियोगिताओं के मेजबान देशों की घोषणा की। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप में होगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में पहली बार पांचवें स्थान पर पहुंची

नई दिल्ली, 25 नवंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास रचते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की विश्व रैंकिंग में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ पांचवां स्थान हासिल किया है। टीम ने मंगलवार को भोपाल में जारी मध्य प्रदेश महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में चीन को 6-2 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। मुकाबला भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में खेला गया। भारतीय महिला हॉकी के सफर में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह टीम के लगातार अच्छे प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

राजस्थान यूनाइटेड ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 4-0 से हराया



जयपुर, 25 नवंबर। इंडियन फुटबॉल लीग 2026-27 में राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने कोलकाता में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब को 4-0 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीरंगन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन दूसरे हाफ में राजस्थान ने चार गोल दागे। एड्रियन कैस्टेलानो ने 63वें, बृजेश गिरी ने 68वें, जुडाह गार्सिया ने 76वें और थोम्यो शिमरे ने 90 3वें मिनट में गोल किया। कैस्टेलानो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। राजस्थान का अगला मुकाबला 29 नवंबर को शिलांग लाजोंग एफसी से होगा।

यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट : नैना, एलबीएस और संस्कार एकेडमी की शानदार जीत



जयपुर, 25 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में नैना एकेडमी ने जयपुरिया विद्यालय को 9 विकेट, एलबीएस एकेडमी ने एनबी एकेडमी को 9 विकेट तथा संस्कार एकेडमी ने मिनर्वा क्लब को 216 रन से हराकर जीत दर्ज की। नैना ग्राउंड पर खेले गए मैच में जयपुरिया विद्यालय की टीम 71 रन पर सिमट गई। आयुष शर्मा ने 22 रन देकर 5 विकेट और इजहार खान ने 2 विकेट लिए। जवाब में नैना एकेडमी ने अव्यान शर्मा (नाबाद 32) और आरव चौधरी (नाबाद 16) की पारियों से 12.5 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आरडी ग्राउंड पर एनबी एकेडमी ने रोहन मीणा के 132, गौरव सिंह के 67 और आरव शर्मा के नाबाद 71 रनों की मदद से 331/6 रन बनाए। जवाब में एलबीएस एकेडमी ने प्रतुल शर्मा के नाबाद 139 और परसुराम शर्मा के नाबाद 100 रनों की शतकीय पारियों तथा मोहम्मद साद खान के 67 रनों की बदौलत 30.3 ओवर में एक विकेट पर 337 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मोहम्मद साद ने गेंदबाजी में भी तीन विकेट लिए। आरजे-14 ग्राउंड पर संस्कार एकेडमी ने रिदिमा शेखावत (43), अजात शत्रु (67) और दक्ष सेन (32) के योगदान से 273/7 रन बनाए। जवाब में मिनर्वा क्लब की टीम 57 रन पर आउट हो गई। केशव ने 2 रन देकर 5 विकेट और रिदिमा शेखावत ने 6 रन देकर 2 विकेट झटके।

राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत

जयपुर, 25 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत नेशनल क्रिकेट ग्राउंड, बेनाड़ पर खेले गए पूल-बी के मुकाबले में राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने केंडलविक क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर महत्वपूर्ण 2 अंक अर्जित किए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केंडलविक क्रिकेट एकेडमी ने पलक भौकाल (49), देवांग डंगायच (20) और औशनिक ग्रोवर (16) की पारियों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 134 रन बनाए। राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी के अथर्व सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 13 रन देकर 5 विकेट झटके। श्याम सुंदर ने 2 विकेट लिए। जवाब में राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने शिफान खान के 27 गेंदों पर 65 रन (3 चौके, 7 छक्के) और रक्षित लूणावत के 34 गेंदों पर नाबाद 54 रन (3 चौके, 5 छक्के) की पारियों की बदौलत 10.2 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। गेंदबाजी में औशनिक ग्रोवर ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी के अथर्व सिंह को दिया गया।

पारस म्हांब्रे को पंजाब किंग्स ने दी गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 25 नवंबर। पंजाब किंग्स ने 2027 इंडियन प्रीमियर लीग सीज़न से पहले पारस म्हांब्रे को अपना तेज़ गेंदबाज़ी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइज़ी ने 25 नवंबर को इस नियुक्ति की घोषणा की और म्हांब्रे का स्वागत करते हुए कहा, "हमारी टीम में आपका स्वागत है, पारस पाजी!" म्हाम्ब्रे, जो पहले भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए बॉलिंग कोच रह चुके हैं, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेम्स होप्स की जगह लेंगे। वह हेड कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम करेंगे, जिनके साथ वह पहले मुंबई इंडियंस में भी काम कर चुके हैं। वह 2021 से 2024 तक भारत के बॉलिंग कोच रहे। इस दौरान टीम 2023 आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची; टीम ने फाइनल से पहले लगातार 10 मैच जीते थे, लेकिन अहमदाबाद में उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसके अगले साल, भारत ने कैरेबियन में 20 वर्ल्ड कप जीता, जो 11 सालों में उनकी पहली आईसीसी ट्रॉफी थी। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में, म्हांब्रे ने मुंबई इंडियंस के साथ दो बार कोचिंग की है। हाल ही में, 2026 सीजन में टीम के नौवें स्थान पर रहने और 14 मैचों में केवल चार जीत हासिल कर पाने के बाद, वे पिछले महीने टीम से अलग हो गए।

डरबन सुपर जायंट्स ने केन विलियमसन को हेड कोच नियुक्त किया

नई दिल्ली, 25 नवंबर। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन अपने करियर के एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। उन्हें आगामी 20 2027 सीजन के लिए डरबन सुपर जायंट्स का हेड कोच नियुक्त किया जाना तय है। हालांकि वे अभी भी एक सक्रिय क्रिकेटर हैं, लेकिन इस कदम के साथ ही वे खिलाड़ियों के समूह से कोचिंग स्टाफ की भूमिका में आ जाएंगे। टीम प्रबंधन अब उन्हें टीम की कमान सौंपने के लिए तैयार है, क्योंकि वे लांस क्लूजनर से अलग होने जा रहे हैं।

6 दिसंबर को होगा गुरु सम्मान कप, क्रिकेट गुरुओं का होगा सम्मान

जयपुर, 25 नवंबर। राजस्थान में क्रिकेट की गुरु-शिष्य परंपरा को सम्मान देने के उद्देश्य से 6 दिसंबर को गुरु सम्मान कप-2026 का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन की थीम 'तारे ज़मीं पर' रखी गई है। इसमें खिलाड़ियों को तराशने वाले क्रिकेट गुरुओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के पूर्व क्रिकेट कोच शब्बीर हुसैन पिछले करीब 10 वर्षों से इस आयोजन को लगातार करवा रहे हैं। इस बार आयोजन में पूर्व रणजी खिलाड़ी, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, वरिष्ठ



रेलवे और प्रशासनिक अधिकारी सहित क्रिकेट जगत की प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध पत्रकार रुबिका लियाकत के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। शब्बीर हुसैन ने बताया कि प्रत्येक सफल खिलाड़ी के पीछे उसके गुरु की वर्षों की मेहनत, त्याग और मार्गदर्शन होता है। इसी योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। उनका कहना है कि जिन गुरुओं ने खिलाड़ियों को सितारा बनाया, उन्हें सम्मानित करना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।